व्यवसायिक अध्ययन - 2010

समय : 3 घण्टे] कक्षा 12 वीं [पूर्णांक- 100

निर्देश- (1) सभी प्रश्न अनिवार्य हैं। (2) प्रश्न- पत्र में दिये गये निर्देश सावधानीपूर्वक पढ़कर प्रश्नों के उत्तर दीजिए। (3) प्रश्न- पत्र में दो खण्ड दिये गये हैं- खण्ड- अ और खण्ड- ब। (4) खण्ड- अ में दिये गये प्रश्न 1 से 5 तक वस्तुनिष्ठ प्रश्न हैं, जिनके अन्तर्गत रिक्तस्थानों की पूर्ति, सत्य/असत्य, सही जोड़ी बनाना, एक शब्द में उत्तर तथा सही विकल्प का चयन करना हैं। प्रत्येक प्रश्न 5 अंक का हैं। (5) खण्ड-ब में प्रश्न क्रमांक 6 से 20 में आन्तरिक विकल्प दिये गये हैं। (6) प्रश्न क्रमांक 6 से 10 तक प्रत्येक प्रश्न पर 4 अंक आंवटित हैं। (7) प्रश्न क्रमांक 11 से 15 तक प्रत्येक प्रश्न पर 5 अंक आवंटित हैं। (8) प्रश्न क्रमांक 16 से 20 तक प्रत्येक प्रश्न पर 6 अंक आवंटित हैं।

खण्ड (अ) (अंक 5)

(वस्तुनिष्ठ प्रश्न)

प्रश्न 1. सही विकल्प चुनिए-

(अ) प्रबन्ध का पहला कार्य हैं-

(1) नियुक्तिकरण (2) नियोजन

(3) समन्वयन (4) संगठन

(ब) सरकार नियंत्रण व प्रतिबंधों में कमी करती हैं-

(1) उदारीकरण में (2) निजीकरण में

(3) वैश्वीकरण में (4) आधुनिकीकरण में

(स) कर्मचारी के चयन में किया जाता हैं-

(1) व्यक्तित्व परीक्षण (2) बुद्धि परीक्षण

(3) रुझान परीक्षण (4) उपरोक्त सभी।

(स) वित्त का सबसे सस्ता स्त्रोत हैं-

(1) ऋणपत्र (2) समता अंश पूँजी

(3) पूर्वाधिकार वंश (4) ऋण।

http://www.mpboardonline.com
http://www.mpboardonline.com

(इ) स्कन्ध- विपणि कहलाती हैं-

(1) प्राथमिक बाजार (2) द्वितीयक बाजार

(3) मुद्रा बाजार (4) रेपो बाजार।

प्रश्न 2. रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए-

(अ) प्रबन्ध जन्मजात एवं ...... प्रतिभा हैं।

(ब) उद्देश्य .... प्रबन्ध द्वारा निर्धारित किए जाते हैं।

(स) .... कठोर निर्देश हैं।

(द) भारत में आर्थिक सुधार सन् .... से शुरु किये गये।

(इ) पदोन्नति भर्ती का ...... स्त्रोत हैं।

प्रश्न 3. एक शब्द में उत्तर लिखिए-

(अ) स्थायी सम्पत्तियों के क्रय के लिए किस पूँजी का प्रयोग किया जाता हैं?

(ब) ऋणपत्रों का निर्गमन कब लाभप्रद हैं?

(स) मुद्रा बाजार का नियंत्रण किस संस्था द्वारा किया जाता हैं?

(द) नयी प्रतिभूतियों का निर्गमन किस बाजार में होता हैं?

(इ) भारत में प्रतिभूतियों के बाजार का नियमन किस संस्था द्वारा किया जाता हैं?

प्रश्न 4. निम्नलिखित का सत्य या असत्य में उत्तर दीजिए-

(अ) सहकारिता प्रबन्ध का मुख्य कार्य हैं।

(ब) नियंत्रण एक सतत् जारी रहने वाली प्रक्रिया नहीं हैं।

(स) नियुक्तिकरण मानव संसाधन नियोजन का एक अंग हैं।

(द) बजट भावी अनुमानों पर आधारित होते हैं।

(इ) वित्तीय प्रबन्ध सामान्य प्रबन्ध का एक अंग हैं।

प्रश्न 5. सही जोड़ियाँ बनाइए-

'अ'	'ब'
(अ) अभिवादन	(1) क्रेता
(ब) अनुशासन का सिद्धान्त	(2) विक्रेता
(स) प्रयोग	(3) महोदय
(द) पूछताछ का पत्र	(4) फेयोल

खण्ड- (ब) (अंक 4)

(अतिलघुउत्तरीय प्रश्न)

प्रश्न 6. एक आदर्श वित्तीय योजना के चार लक्षण समझाइए।

(अथवा) स्थायी पूँजी को निर्धारित करने वाले किन्हीं चार घटकों का उल्लेख कीजिए।

http://www.mpboardonline.com
http://www.mpboardonline.com

प्रश्न 7. संगठन का महत्व चार बिन्दुओं में समझाइए।

(अथवा) अधिकार अन्तरण की परिभाषा दीजिए। इसके तीन तत्व समझाइए।

प्रश्न 8. औपचारिकता तथा अनौपचारिक संगठन में कोई चार अन्तर बताइए।

(अथवा) कार्यात्मक संगठन संरचना के कोई चार लाभ लिखिए।

प्रश्न ९. संगठन में निर्देशन का महत्व समझाइए।

(अथवा) एक प्रभावी नेता के किन्हीं चार गुणों का उल्लेख कीजिए।

प्रश्न 10. प्रभावी संप्रेषण में आने वाली किन्हीं चार बाधाओं का वर्णन कीजिए।

(अथवा) एक कम्पनी द्वारा कर्मचारियों को अभिप्रेरित करने की मौद्रिक अभिप्रेरणाओं का वर्णन कीजिए।

(लघु उत्तरीय प्रश्न) **(अंक 5)**

प्रश्न 11. "व्यापारिक पत्र व्यापार की आत्मा हैं।" इस कथन को समझाइए।

(अथवा) दीपिकास्टेशनरी मार्ट, रामटेकरी, मन्दसौर की ओर से गौरव बुक्स एण्ड स्टेशनर्स, गुमाश्ता नगर, इन्दौर को एक शिकायती पत्र लिखिए कि उनके द्वारा दिये गये ऑर्डर का माल अभी तक प्राप्त नहीं हुआ हैं।

प्रश्न 12. नियोजन की पाँच सीमाओं का संक्षेप में वर्णन कीजिए।

(अथवा) नीतियों और कार्यविधियों में क्या अन्तर है?

प्रश्न 13. भर्ती और चयन में कोई पाँच अन्तर बताइए।

(अथवा) प्रशिक्षण क्यों आवश्यक हैं? समझाइए।

प्रश्न 14. नियंत्रक के पाँच उद्देश्य लिखिए।

(अथवा) नियंत्रण की निम्नलिखित विशिष्ट विधियों को समझाइए-

(अ) किस्म नियंत्रण (ब) समविच्छेद बिंदु नियंत्रण

प्रश्न 15. पूँजी बाजार से क्या आशय हैं? इसकी तीन विशेषताओं को समझाइए।

(अथवा) स्कन्ध विपणि के पाँच कार्यों को समझाइए।

(दीर्घ उत्तरीय प्रश्न) **(अंक 6)**

प्रश्न 16. उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम, 1986 के अन्तर्गत प्रदत्त उपभोक्ताओं के किन्हीं छः अधिकारों का संक्षेप में वर्णन कीजिए।

(अथवा) व्यवसाय के दृष्टिकोण से उपभोक्ता संरक्षण का महत्व समझाइए।

प्रश्न 17. एक आधुनिक उपक्रम में प्रबंध की महत्ता समझाइए।

(अथवा) प्रबन्ध के विभिन्न स्तरों को संक्षेप में समझाइए।

प्रश्न 1८. प्रबंध के सिद्धान्तों की प्रकृति को स्पष्ट करने वाली किन्हीं छः विशेषताओं का वर्णन कीजिए।

http://www.mpboardonline.com
http://www.mpboardonline.com

(अथवा) हेनरी फेयोल द्वारा प्रतिपादित प्रबंध के किन्ही छः सिद्धान्तों को समझाइए।

प्रश्न 19. व्यावसायिक परिवेश से आप क्या समझते हैं? इसका महत्व स्पष्ट कीजिए।

(अथवा) व्यवसायिक परिवेश में प्रबन्धकीय प्रतिक्रियाओं को समझाइए।

प्रश्न 20. विज्ञापन तथा विक्रय संवर्धन में छः अन्तर दीजिए।

(अथवा) विपणन के निम्न कार्यों को संक्षेप में समझाइए–

(अ) विपणन–मिश्रण (ब) ब्राण्डिंग (स) पैकेजिंग

http://www.mpboardonline.com

http://www.mpboardonline.com

http://www.mpboardonline.com
Whatsapp @ 9300930012
Your old paper & get 10/-
पुराने पेपर्स भेजे और 10 रुपये पायें,
Paytm or Google Pay से